# अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान
## ALL INDIA INSTITUTE OF AYURVEDA (AIIA)
(आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत स्वायत्त संस्थान)
(An Autonomous Organization under the Ministry of AYUSH, Govt. of India)

**संख्या- ई-11011/6/2023-AIIA/2956** **दिनांक:-11/09/2024**

## परिपत्र

**विषय: अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, दिल्ली एवं सेटेलाइट केंद्र, गोवा में हिंदी पखवाड़ा 2024 के दौरान आयोजित की जाने वाली श्रेणीवार हिन्दी प्रतियोगिताएं।**

सरकारी कामकाज हिंदी भाषा के माध्यम से करने के प्रति जागरूकता तथा हिंदी के उत्तरोतर प्रयोग में गति लाने के उद्देश्य से सक्षम प्राधिकारी के निदेशानुसार अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में हिंदी पखवाड़ा 2024 का आयोजन दिनांक 14 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024 तक किया जाएगा। हिन्दी पखवाड़े का शुभारंभ राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के निदेशानुसार माननीय गृहमंत्री की अध्यक्षता में भारत मंडपम (नई दिल्ली) में 14-15 सितम्बर, 2024 को आयोजित होने वाले चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन से किया जाएगा। हिंदी पखवाड़ा 2024 के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताएं अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली में दिनांक 17 सितम्बर से 20 सितम्बर 2024 तथा सेटेलाइट केंद्र, गोवा में पृथक रूप से दिनांक 24 सितम्बर से 27 सितम्बर 2024 को आयोजित की जाएंगी। पखवाड़े का समापन दिनांक 30 सितम्बर 2024 (सोमवार) को अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली में किया जाएगा।

हिन्दी पखवाड़ा 2024 के दौरान हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार और प्रोत्साहन हेतु विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली एवं सेटेलाइट केंद्र, गोवा के समस्त अधिकारी/कर्मचारी (स्थायी एवं अस्थायी) भाग ले सकते हैं। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम (₹2,500/-), द्वितीय (₹ 2,000/-) (तृतीय ₹1,500/-) एवं 2 सांत्वना पुरस्कार (₹ 1000/-) पुरस्कार होगे। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली में तथा सेटेलाइट केंद्र, गोवा में हिन्दी पखवाड़ा 2024 के दौरान नीचे दिए गए विवरण के अनुसार प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी:

| अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली में हिन्दी पखवाड़ा 2024 के दौरान आयोजित होने वाली प्रतियोगिताएं | | | **आयोजन स्थल** |
|---|---|---|---|
| दिनांक | प्रतियोगिताएं | समय | |
| 17.09.2024 (मंगलवार) | मसौदा/टिप्पण लेखन प्रतियोगिता | सांय 03:30 बजे | कॉन्फ्रेंस कक्ष/ सभागार प्रशासनिक ब्लॉक |
| 18.09.2024 (बुधवार) | अनुवाद प्रतियोगिता | सांय 03:30 बजे | |
| 19.09.2024 (बृहस्पतिवार) | निबंध प्रतियोगिता | सांय 03:30 बजे | |
| 20.09.2024 (शुक्रवार) | चित्र पर आधारित कहानी लेखन प्रतियोगिता | सांय 03:30 बजे | |

# अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान
## ALL INDIA INSTITUTE OF AYURVEDA (AIIA)
**(आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत स्वायत्त संस्थान)**
(An Autonomous Organization under the Ministry of AYUSH, Govt. of India)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 23.09.2024 (सोमवार) | एक पूर्ण दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन | प्रातः 10 बजे से सांय 05:00 बजे | |
| सत्र | समय | विषय | कॉन्फ्रेंस कक्ष/ सभागार प्रशासनिक ब्लॉक |
| 1. | प्रातः 10 बजे से 11.15 बजे तक | हिन्दी में प्रशासनिक टिप्पण आलेखन में आने वाली समस्याओं को दूर करने के उपाय | |
| | जलपान | | |
| 2. | प्रातः 11.45 से 01.00 तक | प्रशासनिक अनुवाद | |
| | भोजनावकाश | | |
| 3. | सायं 02.00 से 03.30 तक | हिन्दी में प्रशासनिक टिप्पण आलेखन में आने वाली समस्याओं को दूर करने के उपाय एवं प्रशासनिक अनुवाद | |
| | जलपान | | |
| 4. | सायं 03.45 से 05.00 तक | अभ्यास कार्य | |
| | | | |
| अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, गोवा में हिन्दी पखवाड़ा 2024 के दौरान आयोजित होने वाली प्रतियोगिताएं | | | |
| 24.09.2024 (मंगलवार) | मसौदा/टिप्पण लेखन प्रतियोगिता | सांय 03:30 बजे | |
| 25.09.2024 (बुधवार) | अनुवाद प्रतियोगिता | सांय 03:30 बजे | |
| 26.09.2024 (बृहस्पतिवार) | निबंध प्रतियोगिता | सांय 03:30 बजे | |
| 27.09.2024 (शुक्रवार) | चित्र पर आधारित कहानी लेखन प्रतियोगिता | सांय 03:30 बजे | |
| 30.09.2024 (सोमवार) | हिन्दी पखवाड़ा 2024 का समापन | | |

नोटः

(1) सभी प्रतियोगिताओं में कम से कम 5 प्रतिभागियों का भाग लेना अनिवार्य है।

(2) प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी अधिकतम 2 प्रतियोगिताओं में ही भाग ले सकते हैं।

(3) सभी प्रतियोगिताओं में गूगल फॉर्म के माध्यम से नामांकन किया जाना अनिवार्य होगा।

(4) कार्यालयीन राजभाषा कार्यान्वयन प्रशासनिक स्थायी उप-समिति के माननीय सदस्यगण तथा प्रतियोगिता का आयोजन/प्रश्न पत्र तैयार करने वाले/उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन करने वाले अधिकारी/कर्मचारी किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पात्र नहीं होगे।

(5) कार्यालय के सभी विभागाध्यक्षों से अनुरोध हैं कि अपने विभाग से कम से कम दो अधिकारियों/कर्मचारियों को कार्यशाला में भाग लेने के लिए अनिवार्य रुप से नामित करने (गूगल फॉर्म लिंक संलग्न) का श्रम करें। कृपया सभी नामित अधिकारी/कर्मचारी निर्धारित समय से 10 मिनट पहले अर्थात प्रातः 09.50 बजे अपना स्थान अवश्य ग्रहण कर लें ताकि कार्यशाला समय पर प्रारम्भ की जा सके।

सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे प्रतियोगिताओं एवं हिन्दी कार्यशाला में भाग लेने हेतु अपना विवरण निर्दिष्ट गूगल फॉर्म में दिनांक 13.09.2024 तक अवश्य भेज दें, जिससे सुविधानुसार प्रतियोगिताओं का आयोजन हो सके। इसके अतिरिक्त, कार्यशालाओं में नामित व्याख्याताओं द्वारा "हिन्दी में प्रशासनिक टिप्पण आलेखन में आने वाली समस्याओं को दूर करने के उपाय एवं प्रशासनिक अनुवाद" आदि विषयों पर व्याख्यान दिए जाएंगे।

अतः समस्त विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि वे हिन्दी पखवाड़े से जुड़ी सूचनाओं का समुचित प्रचार-प्रसार करें तथा कार्मिकों को हिन्दी प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रेरित करते हुए अनुमति प्रदान करें।

**कार्यशाला में पंजीकरण हेतु गूगल फॉर्म लिंक:-** https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSf6vb1C-m4KjUNydv1Bw3Y-ufzxBugyQHuf4TzZ2DbdZ_936A/viewform?usp=sf_link

**हिन्दी पखवाड़ा 2024 की विभिन्न प्रतियोगिताओं में नामांकन हेतु गूगल फॉर्म लिंक:-**

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली:-

https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLScqOSxaPtwAJ0DWf9jIcmCaBtKPF05iCfKhAOCuCjY05dVuXQ/viewform?usp=sf_link

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का सेटेलाईट केंद्र, गोवा:-

https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSdQmLuLhrfbvYp8fekUzKc72xQrKHRlofnkB9v9ls7z2r4YCQ/viewform?usp=sf_link

यह पत्र निदेशक महोदया के अनुमोदन से जारी किया गया है।

11/9/24

वरि. सलाहकार

निम्नलिखित को प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रेषितः

1. डीन, अकादमिक एवं प्रशासन, अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का सेटेलाईट केंद्र, गोवा को इस अनुरोध के साथ कि वे हिन्दी पखवाड़े से जुड़ी सूचनाओं का समुचित प्रचार-प्रसार करे तथा कार्मिकों को हिन्दी प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रेरित करते हुए अनुमति प्रदान करें।
2. सभी विभागाध्यक्ष (अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली एवं सेटेलाइट केंद्र, गोवा)

(i) द्रव्यगुण विभाग
(ii) रसशास्त्र और भैषज्यकल्पना विभाग
(iii) शल्यतंत्र विभाग
(iv) शालाक्य तंत्र विभाग
(v) स्त्रीरोग एवम् प्रसूति तंत्र विभाग
(vi) संहिता सिद्धांत विभाग
(vii) रोग निदान एवम विकृति विज्ञान विभाग
(viii) कौमारभृत्य विभाग
(ix) कायचिकित्सा विभाग
(x) पंचकर्म विभाग
(xi) रोग निदान विभाग
(xii) स्वस्थवृत विभाग
(xiii) अस्पताल विभाग
(xiv) सम्पदा विभाग
(xv) प्रशासन विभाग
(xvi) लेखा विभाग
(xvii) सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को इस अनुरोध के साथ कि उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार वे ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित कराने हेतु एवं हिन्दी पखवाड़ा 2024 से संबन्धित सूचना कार्यालय की वैबसाइट तथा e-office में अपलोड करने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करें।
(xviii) पुस्तकालय विभाग
(xix) स्टोर विभाग से अनुरोध है कि हिन्दी पखवाड़ा 2024 एवं हिन्दी कार्यशाला से संबन्धित स्टेशनरी उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
(xx) क्रियाशरीर विभाग
(xxi) जनसम्पर्क विभाग से अनुरोध है कि हिन्दी पखवाड़ा 2024 से संबन्धित ppt slides, बैनर डिज़ाइन तथा फोटोग्राफी संबंधी सभी कार्य करने की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करें।

3. निदेशक, सचिवालय
4. संयुक्त निदेशक, सचिवालय
5. डीन (पीएचडी), सचिवालय
6. डीन (पीजी), सचिवालय
7. गार्ड फाईल
8. नोटिस बोर्ड